INDIAN SCHOOL SOHAR Set-1

PERIODIC TEST -2(2022-23)

SUBJECT: HINDI

CLASS : VI MAX MARKS: 20

DATE : 16 /01/2023 TIME: 40 MIN

सामान्य निर्देश : 1. कृपया जाँच ले कि इस प्रश्न पत्र में कुल 10 प्रश्न हैं।

2. प्रश्न का उत्तर लिखने से पूर्व उसका क्रमांक अवश्य लिखा जाए।

खंड 'क' (अपठित गद्यांश)

प्रश्न 1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए:- (5)

स्वादिष्ट होने के साथ-साथ भोजन पौष्टिक भी होना चाहिए। आजकल बच्चे जंक फ़ूड खाना अधिक पसंद करते हैं। जंक फ़ूड हमारे शरीर के लिए बहुत हानिकारक है। संतुलित भोजन में रोटी और दाल के अलावा हरी सब्जी, फल और दूध का होना आवश्यक है। संतुलित भोजन करने से अच्छा स्वास्थ्य प्राप्त किया जा सकता है। शरीर की वृद्धि के लिए बच्चों को दूध पीना बहुत आवश्यक है।दूध अपने आप में पूर्ण भोजन है क्योंकि इसमें भोजन के सभी तत्व मिल जाते हैं। खाने के साथ -साथ हमें पर्याप्त मात्रा में पानी पीने का भी ध्यान रखना चाहिए। हमें दिन में दो लीटर पानी पीना चाहिए।

(क) भोजन कैसा होना चाहिए?

(ख) आजकल बच्चे क्या खाना अधिक पसंद करते है?

(ग) संतुलित भोजन में क्या-क्या होना आवश्यक है?

(घ) किसमें खाने के सभी तत्व मिल जाते हैं?

(ङ) हमें दिन में कितने लीटर पानी पीना चाहिए?

खंड 'ख' (व्याकरण)

निम्नलिखित प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प को छाँटकर लिखिए। (प्रश्न सं. 2 से 7)

प्रश्न 2. 'पुलिस ने चोर को पकड़ा।' वाक्य में कारक चिह्न हैं- (1)

(क) पुलिस, ने

(ख) चोर, को

(ग) ने, पकड़ा

(घ) ने, को

प्रश्न 3. 'का, के, की' किस कारक के चिह्न हैं? (1)

(क) करण कारक

(ख) सम्बन्ध कारक

(ग) कर्ता कारक

(घ) सम्प्रदान कारक

प्रश्न 4. 'रोहित_____ पेंसिल _____ चित्र बनाया।' वाक्य में खाली जगहों में उचित कारक के चिह्न होंगे - (1)

(क) ने, को

(ख) पर, ने

(ग) ने, से

(घ) को, में

प्रश्न 5. कारक के कितने भेद होते हैं? (1)

(क) दस

(ख) चार

(ग) सात

(घ) आठ

प्रश्न 6. निम्नलिखित में से कौन-से अधिकरण कारक के कारक चिह्न हैं? (1)

(क) के लिए, को

(ख) ने, के लिए

(ग) में, पर

(घ) से, को

प्रश्न 7. 'मोहित पेड़ से गिर गया।' इस वाक्य में 'पेड़ से' किस कारक का उदाहरण है? (1)

(क) कर्म कारक

(ख) अपादान कारक

(ग) करण कारक

(घ) कर्ता कारक

खंड 'ग' (साहित्य)

प्रश्न 8. निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए। (3)

(क) सैर (ख) पेंदा (ग) टापू

प्रश्न 9. 'इरादा' शब्द से अर्थपूर्ण वाक्य बनाकर लिखिए। (1)

प्रश्न10. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

(क) हेलेन केलर किस मौसम में नई कलियाँ खोजती थी? (1)

(ख) प्रकृति के अक्षर किन्हें कहा गया है? (2)

(ग) हेलेन केलर ने किसे नियामत माना है व क्यों? (2)

या

नेहरु जी ने पृथ्वी पर जीवन के बारे में क्या बताया है?

INDIAN SCHOOL SOHAR Set-2

PERIODIC TEST -2(2022-23)

SUBJECT: HINDI

CLASS: VI MAX MARKS: 20

DATE: 16 /01/2023 TIME: 40 MIN

सामान्य निर्देश : 1. कृपया जाँच ले कि इस प्रश्न पत्र में कुल 10 प्रश्न हैं।

2. प्रश्न का उत्तर लिखने से पूर्व उसका क्रमांक अवश्य लिखा जाए।

खंड 'क' (अपठित गद्यांश)

प्रश्न 1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए:- (5)

स्वादिष्ट होने के साथ-साथ भोजन पौष्टिक भी होना चाहिए। आजकल बच्चे जंक फ़ूड खाना अधिक पसंद करते हैं। जंक फ़ूड हमारे शरीर के लिए बहुत हानिकारक है। संतुलित भोजन में रोटी और दाल के अलावा हरी सब्जी, फल और दूध का होना आवश्यक है। संतुलित भोजन करने से अच्छा स्वास्थ्य प्राप्त किया जा सकता है। शरीर की वृद्धि के लिए बच्चों को दूध पीना बहुत आवश्यक है।दूध अपने आप में पूर्ण भोजन है क्योंकि इसमें भोजन के सभी तत्व मिल जाते हैं। खाने के साथ-साथ हमें पर्याप्त मात्रा में पानी पीने का भी ध्यान रखना चाहिए। हमें दिन में दो लीटर पानी पीना चाहिए।

(क) भोजन स्वादिष्ट होने के साथ-साथ कैसा होना चाहिए?

(ख) किस प्रकार का खाना हमारे शरीर के लिए बहुत हानिकारक है?

(ग) हमें दिन में कितने लीटर पानी पीना चाहिए?

(घ) बच्चों के लिए दूध पीना क्यों आवश्यक है?

(ङ) अच्छा स्वास्थ्य कैसे प्राप्त किया जा सकता है?

खंड 'ख' (व्याकरण)

निम्नलिखित प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प को छाँटकर लिखिए। (प्रश्न सं. 2 से 7)

प्रश्न 2. 'बच्चे ने चम्मच से दूध पिया।' वाक्य में कारक चिह्न हैं- (1)

(क) बच्चे, पिया

(ख) चम्मच, ने

(ग) पिया, से

(घ) ने, से

प्रश्न 3. 'में, पर' किस कारक के चिह्न हैं? (1)

(क) करण कारक

(ख) सम्बन्ध कारक

(ग) अधिकरण कारक

(घ) सम्प्रदान कारक

प्रश्न 4. 'आकाश _____ बादल देखकर मोर ख़ुशी _____ नाच उठे।' वाक्य में खाली जगहों में उचित कारक के चिह्न होंगे - (1)

(क) को, में

(ख) में, से

(ग) ने, से

(घ) ने, को

प्रश्न 5. कारक के कितने भेद होते हैं? (1)

(क) दस

(ख) चार

(ग) आठ

(घ) सात

प्रश्न 6. निम्नलिखित में से कौन-से संबंध कारक के कारक चिह्न हैं? (1)

(क) हे, अरे

(ख) ने, के लिए

(ग) में, पर

(घ) का, के, की

प्रश्न 7. 'वह भाई के लिए खिलौने लाई।' इस वाक्य में 'भाई के लिए' किस कारक का उदाहरण है? (1)

(क) कर्म कारक

(ख) अपादान कारक

(ग) सम्प्रदान कारक

(घ) कर्ता कारक

खंड 'ग' (साहित्य)

प्रश्न 8. **निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए।** (3)

(क) स्पर्श (ख) खत (ग) गौर से

प्रश्न 9. **'शौक' शब्द से अर्थपूर्ण वाक्य बनाकर लिखिए।** (1)

प्रश्न10. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

(क) जंगल में कौन घूमने गया था? (1)

(ख) प्रकृति के अक्षर किन्हें कहा गया है? (2)

(ग) नेहरु जी ने संसार को पुस्तक क्यों कहा है? (2)

या

"जिन लोगों के पास आँखें होती हैं,वे सचमुच कम देखते हैं।" हेलेन केलर ने ऐसा क्यों कहा है?